# प्रेस विज्ञप्ति

## आईआईटी भुवनेश्वर में हिंदी पखवाड़ा – 2024 का भव्य शुभारंभ

भुवनेश्वर, 18 सितंबर 2024: भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर में दिनांक 17 सितंबर 2024 से हिंदी पखवाड़ा – 2024 का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के केंद्रीय पुस्तकालय में हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी भाषा की उत्कृष्ट पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर आईआईटी भुवनेश्वर के माननीय निदेशक प्रो. श्रीपाद करमलकर एवं माननीय कुलसचिव श्री बामदेव आचार्य ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज की। निदेशक महोदय ने अपने संबोधन में संस्थान के समस्त संकाय, स्टाफ एवं विद्यार्थियों को हिंदी पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा का ज्ञान केवल भाषा के रूप में नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और साहित्य की धरोहर के रूप में भी महत्वपूर्ण है, और इसका अध्ययन हमारे भाषा कौशल में वृद्धि करता है।

हिंदी पखवाड़ा के इस कार्यक्रम में संस्थान के संकाय एवं अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे सफल बनाने में सहयोग किया। यह आयोजन हिंदी पखवाड़े के दौरान संस्थान में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थान में हिंदी के प्रचार-प्रसार और इसके महत्व को बढ़ावा देना है। आईआईटी भुवनेश्वर हर वर्ष हिंदी पखवाड़ा के दौरान इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिससे संस्थान के कार्मिकों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा सके।

***********